प्रेसनोट थाना जगनेर जनपद आगरा।

थाना जगनेर पुलिस टीम एवं एस.टी.एफ. टीम के संयुक्त ऑपरेशन द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए ट्रक में भरकर भारी मात्रा में अवैध नशीला पदार्थ ले जा रहे 02 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 08 कुन्टल 32 किग्रा गांजा बरामद..

जनपद आगरा में चोरी, लूट, अवैध नशीला पदार्थ आदि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा दिये गये आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पश्चिमी के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी खैरागढ़ के सफल पर्यवेक्षण में एसटीएफ टीम व थाना प्रभारी जगनेर को टीम गठित कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

इसी क्रमानुसार कुछ समय से एसटीएफ टीम को विभिन्न जनपदों में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना प्राप्त हो रही थी। दिनांक 12.07.2021 को थाना जगनेर पुलिस टीम व एसटीएफ टीम चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के सरैंधी चौराहे के पास चैकिंग में व्यस्त थे, इस दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि अवैध नशीला पदार्थ की तस्करी करने वाले कुछ लोग एक ट्रक यूपी 51 टी 9411 में भरतपुर धौलपुर हाईवे पर धौलपुर की तरफ से भारी मात्रा में अवैध नशीला पदार्थ ले जाने वाले हैं। यदि जल्दी की जाये तो गिरफ्तार किये जा सकते हैं।

पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण :–

इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम बताये स्थान सरैधी ओवर ब्रिज के पश्चिमी ढाल के पास बैरियर लगाकर चैकिंग करने लगी। कुछ समय बाद एक ट्रक धौलपुर की तरफ से आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा करने पर ट्रक चालक द्वारा स्पीड को बड़ाकर तेज कर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा कर ट्रक को चारों ओर से घेरते हुए उसमें बैठे दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक के चालक केबिन के पीछे व वाडी के बीच में गुप्त कैविटी जो लोहे की चद्दरों से ढकी व नट बोल्ट से कसी हुयी थी, उसमें टेप से कसे हुए 812 पैकेट गांजा के बरामद हुए। पैकेटों का वजन करने पर कुल 08 कुन्टल 32 किग्रा गांजा प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त 03 अदद मोबाइल, जीपीएस डिवाइस, 01 सिम कार्ड, 01 अदद ट्रक बरामद हुआ।

पूछताछ का विवरण :–

पुलिस टीम द्वारा दोनों व्यक्तियों से गांजा के बारे में पूछताछ करने पर बताया गया कि हम लोगों को यह गांजा बिहार प्रान्त के मूल निवासी विट्ट सिंह उर्फ गौतम सिंह उर्फ नरेन्द्र सिंह वर्तमान नि0 राधा वैली कालौनी मथुरा द्वारा कहने पर सोनपुर/बौद्ध से लाकर मथुरा पहुंचाना है। यह ट्रक विट्ट सिंह के भाई विराट सिंह उर्फ मुन्ना का है। उ0प्र0 पुलिस की पकड़ से बचने के लिए विट्ट सिंह ने हमें मध्यप्रदेश व राजस्थान भरतपुर डींग से होकर मथुरा आने के लिए कहा था।

दिनांक 08/09.07.2021 की रात्रि यह गांजा रामकुमार ने इस ट्रक की गुप्त कैविटी में लोड कराया था। विराट सिंह उर्फ मुन्ना अलग साधन से पहले से उड़ीसा पहुंचा हुआ था और रामकुमार के सम्पर्क में था। उड़ीसा में बलनगीर पहंच कर वहां से सोनपुर की तरफ एक पैट्रोल पम्प पर रामकुमार अपने साथ आये अज्ञात स्थानीय व्यक्ति के साथ हम लोगों से ट्रक लेकर चले गये और हम लोगों को ट्रक में माल सहित वापस कर दिया। उन्होंने माल के सम्बन्ध में बातचीत करने के लिए एक मोबाइल और सिम दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :–

01. सोनू पुत्र भूरी सिंह नि0 चाचपुर भटेला थाना चन्दपा जनपद हाथरस।
02. कुलदीप शर्मा उर्फ श्यामू पुत्र नन्दमोहन शर्मा नि0 मोहम्मदपुर जाटान थाना चन्दपा जनपद हाथरस।

बरामदगी का विवरण :–

01. 08 कुन्टल 32 किग्रा गांजा।
02. 03 अदद मोबाइल।
03. जीपीएस डिवाइस।
04. 01 सिम कार्ड।
05. 01 अदद ट्रक।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण :–

01. प्रभारी निरीक्षक श्री कुशलपाल सिंह थाना जगनेर जनपद आगरा।
02. निरीक्षक श्री ज्ञानेन्द्र कुमार राय एसटीएफ टीम उ0प्र0।
03. उ0नि0 बीरेन्द्र सिंह यादव एसटीएफ टीम उ0प्र0।
04. उ0नि0 राजेश कमार थाना जगनेर जनपद आगरा।
05. हे0का0 नरेन्द्र सिंह, का0 संजीव कुमार व का0 श्यामबाबू थाना जगनेर जनपद आगरा।
06. हे0का0 शमशेर सिंह, का0 उमाशंकर, का0 भूपेन्द्र सिंह एसटीएफ टीम उ0प्र0।

मीडिया सेल जनपद आगरा